पूज्यपाद गुरुदेव प्रज्ञापुरुष आचार्य भगवंत

श्री जिनकान्तिसागरसूरीश्वरजी म. सा.

की 29 वीं पुण्यतिथि

(दि. 13 नवम्बर 2014)

पर भावभरी अनंत वंदनाओं

के साथ कोटिशः अदरांजली

सन् 1998 से लगातार प्रकाशित

जहाज मन्दिर

अधिष्ठाता - पूज्य गुरुदेव उपाध्याय प्रवर श्री मणिप्रभसागरजी म.सा.

▪ वर्ष : 11 ▪ ▪ अंक : 7 ▪ ▪ 5 अक्टूबर : 2014 ▪ ▪ मूल्य : 20 रु. ▪

परमात्मा महावीरस्वामी का जाप मंत्र

इन मंत्रों का प्रतिदिन जाप करें,
दीपावली के अवसर
पर अवश्य करें।

।। ओम् ह्रीँ श्रीँ नमः श्री महावीरस्वामिने नमस्तुभ्यं मम सर्व कार्यं सिद्धं कुरु कुरु स्वाहा ।।

लब्धि निधान श्री गौतमस्वामी का जाप मंत्र

।। ओम् नमो भगवओ गोयमस्स सिद्धस्स बुद्धस्स
अक्खीणमहाणस ह्रीँ अवतर अवतर
अक्खीणमहाणसी स्वाहा ।।

दादा गुरुदेव का मंत्र

।। ओम् आँ क्रौँ ह्रीँ श्रीँ श्री जिनदत्तसूरि मणिधारी
जिनचन्द्रसूरि जिनकुशलसूरि जिनचन्द्रसूरि
एहि एहि सुप्रसन्नोभव मम
गृहे ऋद्धिं वृद्धिं सिद्धिं कुरु कुरु स्वाहा ।।

श्रुतदेवी श्री सरस्वती का जाप मंत्र

।। ओम् ऐँ श्रीँ वद वद वाग्वादिनी भगवति सरस्वति ह्रीँ नमः ।।

श्रीदेवी श्री महालक्ष्मी का जाप मंत्र

।। ओम् श्रीँ ह्रीँ क्लीँ लक्ष्म्यै नमः ।।

।। श्री पार्श्वनाथाय नमः ।।

।। श्री शांतिनाथाय नमः ।।

।। दादा गुरुदेव श्री जिनदत्तकुशल सद्गुरुभ्यो नमः ।।

।। गणनायक श्री सुखसागर सद्गुरुभ्यो नमः ।।

राजस्थान की धन्यधरा

श्री चौहटन नगरे

उपधान तप

जप, तप और क्रिया का त्रिवेणी संगम

श्री उपधान तप आराधना

आशीर्वाद :

प. पू. आचार्य श्री जिनकांतिसागरसूरिजी म.सा.

आज्ञा प्रदाता
प. पू. आचार्य
श्री कैलाशसागरसूरिजी म.सा.

प्रत्यक्ष कृपा
प. पू. गुरुदेव उपाध्याय प्रवर
श्री मणिप्रभसागरजी म.सा.

परम पावन निश्रा : प.पू. आचार्य श्री जिनकांतिसागरसूरिजी म.सा. के
शिष्य प्रशिष्य पू. मुनिराज श्री मुक्तिप्रभसागरजी म.सा.
पू. मुनिराज श्री मनीषप्रभसागरजी म.सा.

प्रथम प्रवेश
मिगसर वदि 12
बुधवार
19.11.14

द्वितीय प्रवेश
मिगसर वदि 14
शुक्रवार
21.11.14

मोक्षमाला
माघ वदि 2
बुधवार
07.01.15

उपधान स्थल

जैन श्वे. धर्मशाला, पो. चौहटन
फोन (02989) 286335

आयोजक एवं निमंत्रक

श्री कुशल-कान्ति उपधान तप आराधना समिति
श्री जैन श्वे. श्रीसंघ चौहटन (राज.)

सम्पर्क सूत्र : मो. : 07073900641 (ऑ.) मोहनलालजी सेठीया (094614 89609)

आगम मंजूषा

आचार्य भद्रबाहुसूरि

णाणं पयासगं, सोहओ तवो, संजमो य गुत्तिकरो।
तिण्हं पि समाजोगे, मोक्खो जिणसासणे भणिओ॥

आवश्यक निर्युक्ति 103

ज्ञान प्रकाश करने वाला है, तप विशुद्धि एवं संयम पापों का निरोध करता है। तीनों के समयोग से ही मोक्ष होता है– यही जिनशासन का कथन है।

तीर्थंकर परमात्मा श्री महावीर के निर्वाण कल्याणक व गणधर श्री गौतमस्वामी के केवलज्ञान प्राप्ति से पावन यह मंगलमय दीपावली पर्व आप सभी के जीवन में ज्ञान रूपी रोशनी का संचार करें...

- आपका अपना जहाज मंदिर परिवार

अनुक्रमणिका

1. नवप्रभात	उपा. श्री मणिप्रभसागरजी म.	05
2. गुरुदेव की कहानियाँ	उपा. श्री मणिप्रभसागरजी म.	06
3. प्रीत की रीत	साध्वी डॉ. विद्युत्प्रभाश्रीजी म.	07
4. ऐसे थे मेरे गुरुदेव	उपा. श्री मणिप्रभसागरजी म.	08
5. श्रमण चिंतन	मुनि श्री मनितप्रभसागरजी म.	09
6. कविता	चन्द्रकुमार जैन	13
7. कविता	चिराग जैन	13
8. सावधान : वरक मासांहार है	मुनि श्री मनितप्रभसागरजी म.	14
9. संस्कृत के चोर अंग्रेज		16
10. चतुर्भंगी का चमत्कार	मुनि श्री मनितप्रभसागरजी म.	17
11. श्री जैन शारदा-महालक्ष्मी पूजन दीपवली पूजन विधि		18
12. पंचांग	मुनि श्री मनितप्रभसागरजी म.	23
13. समाचार दर्शन	संकलन	24
14. जहाज मन्दिर पहेली-102	मुनि श्री मनितप्रभसागरजी म.	39
15. जटाशंकर	उपा. श्री मणिप्रभसागरजी म.	46
16. कविता : मैं समय हूँ	मेधवी जैन	46



जहाज मन्दिर

मासिक

अधिष्ठाता
पू. गुरुदेव उपाध्याय प्रवर
श्री मणिप्रभसागरजी म.सा.

वर्ष : 11 अंक : 7 5 अक्टूबर 2014 मूल्य 20 रू.

संयोजन : आर्य मेहुलप्रभसागरजी म.
अध्यक्ष : संघवी जीतमल दांतेवाड़िया
महामंत्री : डॉ. यू.सी. जैन

जहाज मन्दिर में प्रकाशित रचनाकारों द्वारा व्यक्त विचारों से सम्पादक / प्रकाशक की सहमति आवश्यक नहीं है

सदस्यता शुल्क

संस्था संरक्षक	: 21,000 रूपये
मानद् संरक्षक	: 11,000 रूपये
15 वर्षीय सदस्यता	: 2500 रूपये
12 वर्षीय सदस्यता	: 2000 रूपये
6 वर्षीय सदस्यता	: 1000 रूपये
त्रिवार्षिक सदस्यता	: 500 रूपये
वार्षिक सदस्यता	: 200 रूपये

विज्ञापन सहयोग

अंतिम कवर पृष्ठ	: 15,000 रूपये
द्वितीय कवर पृष्ठ	: 11,000 रूपये
तृतीय कवर पृष्ठ	: 9,000 रूपये
अन्दर पूरा पृष्ठ	: 7,000 रूपये

सदस्यता, विज्ञापन व सहयोग राशि
ICICI की किसी भी शाखा में
SHRI JIN KANTI SAGAR SOORI SMARK TRUST
BANK - ICICI JALORE
ACCOUNT NO. 065301000256
IFSC CODE - ICIC0000653

सम्पर्क सूत्र / प्रकाशक

श्री जिनकांतिसागरसूरि स्मारक ट्रस्ट
जहाज मन्दिर
माण्डवला - 343042, जिला-जालोर (राज.)
फोन : 02973-256107, 256192, 9649640451
E-mail : jahaj_mandir@yahoo.co.in
www.jahajmandir.com
www.jahajmandir.org



नवप्रभात

उपाध्याय श्री मणिप्रभसागरजी म.

परमात्म–प्रेम

कदम मंदिर की ओर बढ गये हैं। परमात्मा की भक्ति कर रहा हूँ। अकेला हूँ। स्तवन गा रहा हूँ। धीमी आवाज में गा रहा हूँ। मैं ही गाने वाला हूँ... मैं ही सुनने वाला हूँ! पर आज हृदय गा रहा है। आज ही तो सही रूप से जाना है कि मेरे परमात्मा कैसे है!

सुनता तो हमेशा था। पर समझ पहली बार आया। भक्ति भी बहुत की थी, पर आज का अनुभव अलग था। हमेशा मंदिर आता था, पर कुल परम्परा के कारण! कुछ मांगने...! अपने संसार को को सुखी बनाने की प्रार्थना लिये...!

पर आज भावों की नई दुनिया में मैंने प्रवेश किया था। आज भक्ति का रंग अनूठा था। लगता था कि मैं ही बदल गया हूँ।

क्योंकि आज ही मुझे परमात्मा के दिव्य स्वरूप का बोध हुआ है। ऐसे परमात्मा को पाकर आज मैंने परम धन्यता का अनुभव किया है। आज मेरे अन्तर में प्रेम प्रकट हुआ है। परमात्मा को एकटक देख रहा हूँ। पलक को झपकाना अच्छा नहीं लग रहा है। मन करता है देखता रहूं अनंत काल तक!

प्रेम तो संसार में मैंने कईयों से किया था। पर मेरा मन जानता है कि करता कम था, पाने की चाह ज्यादा थी। अपेक्षाओं की विशाल दुनिया मेरे मन में थी। जिनसे प्रेम करता था, उनसे ज्यादा चाहता था। नहीं मिलता तो रोष होता... मेरी इच्छा के अनुसार नहीं मिलता तो मन उसे ठुकरा भी देता।

उस प्रेम में स्वार्थ और सौदा था। यह आज जाना था। आज जाना था कि प्रेम करने योग्य केवल और केवल परमात्मा है। परमात्मा के सिवाय ऐसा कोई व्यक्ति या तत्व नहीं है, जिनसे प्रेम किया जा सके।

क्योंकि परमात्मा का प्रेम मेरी अपेक्षाओं से कई गुणा मुझ पर बरस रहा है। मैं प्रेम नहीं करता था, तब भी उनका प्रेम तो मुझे प्राप्त ही था।

और मेरा रोम रोम परमात्मा की भक्ति में डूब गया है। मुझे श्रेणिक महाराजा का वह उदाहरण याद आया है। स्वर्गवास के बाद जब उनका अग्निसंस्कार हो रहा था। हड्डियां जब चटक रही थी, तब उनमें से **वीर वीर** की ध्वनि आ रही थी।

मैं सोचता हूँ– परमात्मा महावीर के प्रति क्या प्रेम होगा..! क्या भक्ति होगी..! और मैं प्रार्थना करता हूँ– प्रभो! मुझे ऐसा प्रेम देना... ऐसी भक्ति देना...!

बसो चेतन निज गेहि

उपा. श्री मणिप्रभसागरजी म.

गतांक से...

राह के कष्ट सेठ के हृदय को खिन्न बना देते पर पुत्र-मिलन की उत्कण्ठा, उनकी सारी उदासी और खिन्नता को क्षण भर में काफूर कर देती। सर्दी, गर्मी, भूख, प्यास, कंकर-कांटे सब कुछ सहते हुए आखिर थके कदमों से उन्होंने मंजिल पा ली। कदम आगे बढ़ने से इंकार कर रहे थे पर हृदय बैठने से इंकार कर रहा था। अनवरत, पूरा दिन चलकर फर्म का पता पूछते, पुत्र की प्रसिद्धि सुनते हुए मुकेश के सामने पहुँच गये।

मिलन की उत्कण्ठा मानव-मन को कितना विकल बनाती है यह तो कोई अनुभवी ही बता सकता है।

पुत्र दुकान पर बड़े-बड़े सेठों के बीच बैठा कोई विशेष वार्ता पर मन्त्रणा कर रहा था। अपने सामने फटे-हाल पिता को देखते ही पहचान गया। तुरन्त आगे बढ़ना ही चाहता था कि आधुनिक सभ्यता ने अपना जोर दिखाया।

मुकेश ने मन ही मन सोचा- अरे! अगर मैं अपने पिता के चरण-स्पर्श करूँगा तो निश्चित ही मेरी जिल्लत होगी। ये नगर के कर्णधार मेरे खानदान के बारे में क्या-क्या धारणाएँ बनाएँगे। अत: बाद में मुलाकात करना ही अच्छा लगेगा। मानसिक द्वन्द्वको बिना चेहरे पर लाये उसी मुस्कान के साथ वार्ता में संलग्न हो गया।

सेठ ने सोचा- शायद इसने मुझे देखा नहीं है अथवा पहचाना नहीं है और शायद यह भी हो सकता है कि मुझे बुलाने में शर्म भी महसूस करता हो पर मैं तो इसका बाप हूँ। मुझे तो शर्म नहीं आनी चाहिए। मैंने इसका पालन-पोषण किया, मुझे क्या शर्म है?

तुरन्त वे गद्दी पर चढ़ गये। नौकर रोकते ही रहे और वे धूल-धूसरित पाँवों से स्वच्छ गद्दी पर जा विराजे। अब तो बिचारा मुकेश ऐसा शर्माया कि उसका सिर ही झुक गया। मन ही मन उसने पिता को हजार गालियाँ दीं पर सभ्यता का तकाजा करके मुंह से कुछ भी नहीं बोला।

नौकर, मुनीम सेठ की इस अशोभनीय हरकत से क्रोध में कांप उठे। उम्र का लिहाज कर मुनीम ने अपने क्रोध को दबाकर सेठ से पूछा- 'सेठजी! आप हमारे लिए अनजान हैं और हम आपके लिए। अत: आपको इस प्रकार परायी गद्दी पर नहीं चढ़ना चाहिये। अब कृपा कर आप नीचे उतर जाइये।'

पुत्र के अविनयी व्यवहार से सेठ तो पहले से भरे हुए ही थे। शक्ति न होते हुए भी इतनी दूर से चल कर आये थे पर पुत्र का ऐसा व्यवहार देखकर उनकी सारी आशाएँ बिखर गयी थीं। दिल टुकड़े-टुकड़े हो गया था। वे अपने आपको अपमानित महसूस कर रहे थे।

मुनीम के शब्द सुनते ही उनको ताव आ गया। उन्होंने लगभग डाँटते हुए कहा- बेटे की गद्दी क्या बाप के लिए गैर होती है? जाओ अपना काम करो।

मुनीम तो असमंजस में पड़ गया। कौन बाप और कौन बेटा?

उसने पुन: कहा- यह गद्दी आपके

बेटे की कैसे हुई? सेठजी से आपका क्या सम्बन्ध है? जरा स्पष्ट कीजिये।

सेठ ने अब कुछ धैर्यता और शान्ति से मारवाड़ी भाषा में कहा- ''मैं इसकी मां का माटी हूँ।''

मुनीम को बड़ा आश्चर्य हुआ। यह तो उसे मालूम था कि मुकेश दत्तक पुत्र है पर यह नहीं मालुम था कि उसका असली पिता इतना गरीब है। उसने दोनों के चेहरे की बनावट देखी। दोनों के चेहरे की साम्यता पिता-पुत्र के सम्बन्ध को स्पष्ट कह रही थी।

उसे मुकेश जो आज तक आदर्शवादी युवक लगता था उससे घृणा हो गई। पिता इतना दु:खी, फिर इतनी दूर से चलकर आया तब भी आधुनिक सभ्यता के साये में पला बेटा उठकर सामने न जा सका। ऐसे सेठ की नौकरी को धिक्कार है।

उसने तुरन्त हिसाब किया और मुकेश से कहा- आज से आप नया मुनीम ढूंढ़ें। मैं ऐसी नौकरी पर थूकता हूँ। जो अपने बुजुर्गों की इज्जत को ही न समझे, उसकी नौकरी से क्या फायदा?

दूसरी ओर सेठ भी गद्दी से नीचे उतर आया था, यह कहते हुए कि हम तो चार दिन जैसे-तैसे निकाल देंगे, पर पंचों का कर्ज उतार दें। बस, यही कहने के लिए मैं इतनी दूर से आया था। तूं सुख में रहना।

मुकेश मुनीम और पिता की सच्ची बातें सुनकर होश में आया। उसका नशा काफूर हो गया। वह तुरन्त खड़ा हुआ और अपने पिता से क्षमायाचना की, रहने की विनती की और अन्त में जब स्वयं साथ चलने का वादा किया तब कहीं जाकर सेठ दीवानचन्द का क्रोध शान्त हुआ।

मुनीमजी से भी उसने अपने किये का पश्चात्ताप किया। भविष्य में इन झूठी शान-शौकत के फेरे में न पड़ने का विश्वास दिलाया तब मुनीम ने पुन: बहीखाते सँभाले।

समाप्त

श्री सुपार्श्वजिन स्तवन

प्रीत की रीत

श्रीमद् देवचन्द्र रचित

साध्वी डॉ. विद्युत्प्रभाश्रीजी म.

गतांक से आगे...

उपाधि जो तीसरा अवरोध है। यह उपरोक्त दोनों से अधिक खतरनाक है। यद्यपि है यह भी भौतिक स्तर का परंतु है सबसे गहरा ! डॉ हनीयेन ने बहुत महत्व की सूचना अपने दीर्घकालीन शोध के परिणाम स्वरूप प्रस्तुत की कि मन, चेतना का आंतरिक स्तर नही हैं। क्रोध, मान, माया, लोभ, ईर्ष्या, आवेग आदि चेतना के आंतरिक स्तर है। ये समस्त वृत्तियाँ चेतना के अंतर से उठती है। सद्प्रवृत्तियाँ हो या असद् प्रवृत्तियाँ वे सारी चेतना के स्तर से उठती है। इन्हें ग्रन्थि-तंत्र भी कह सकते हैं। जीवन की वृत्तियों में परिवर्तन लाने के लिये ग्रन्थियों को बदलना नितांत अनिवार्य है। समस्त उत्तेजनाऐं, आवेश, आकांक्षाऐं, अभिलाषाऐं, वासनाऐं जो अंत:स्रावी ग्रन्थियों से उठती है, ये ही उपाधियाँ हैं।

जब इन तीनों आधि, व्याधि और उपाधि के प्रभाव से हम मुक्त हो जाते हैं तब हमारा समाधि में प्रवेश हो जाता है। और वही जीवन का असली और अखंड आनंद है। समाधि को पाने के लिए इन तीनों पर नियंत्रण और अनुशासन चाहिए। जीवन आनंद से परिपूर्ण और तरबतर हो जाता हैं। जब समाधि का आनंद उपलब्ध होता है तो क्षणिक और अशाश्वत इन्द्रियानुभुति हमें आकृष्ट नहीं कर सकती।

श्रीमद्जी इसी समाधि को पाना चाहते हैं परमात्मा चूंकि उस समाधि में लीन है अत: उन्हें ही अपना आदर्श मानकर इस भूमिका में प्रवेश करते हैं।

31

मेरे गुरुदेव

पूज्य गुरुदेवश्री के लघु गुरू-भ्राता पूज्य मुनिराज श्री दर्शनसागरजी म.सा. ने पहले तपागच्छ में दीक्षा ग्रहण की थी। कारणवश उन्होंने तपागच्छ छोडा था। पर उनका मन गृहस्थ दशा में जाने का नहीं था। वे योग्य गुरू की तलाश में लगे। घुमते घुमते वे वि.सं. 2002 में पूज्य गुरुदेव श्री कान्तिसागरजी म.सा. के पास पहुँचे। कुछ दिन उनके पास रहे तो उन्हें लगा कि उनकी तलाश पूरी हुई।

और उन्होंने पूज्यश्री से दीक्षा प्रदान करने की विनंती की।

पूज्यश्री ने अपने गुरुदेव पूज्य आचार्य श्री जिनहरिसागरसूरीश्वरजी म.सा. के पास समाचार भेजे। पूज्य आचार्यश्री की अनुमति प्राप्त कर उन्होंने उन्हें दीक्षा प्रदान की। तपागच्छ की दीक्षा-पर्याय का विच्छेद कर पुनर्दीक्षा से पर्याय का क्रम प्रारंभ हुआ।

वे पूज्य गुरुदेवश्री के शिष्य बनना चाहते थे। परन्तु पूज्य गुरुदेवश्री ने कहा- मेरे गुरुदेव बिराजमान है। उनकी आज्ञा से मैं दीक्षा दे दूंगा पर शिष्य तो मैं पूज्य गुरुदेवश्री का ही बनाऊँगा। क्योंकि हमारे समुदाय की यह परम्परा है कि गुरू के बिराजमान रहते शिष्य कभी भी अपना शिष्य नहीं बनाता।

पूज्य गुरुदेवश्री ने उन्हें अपना गुरु भ्राता बनाया। पर शिष्य बनाना स्वीकार नहीं किया। यह पूज्यश्री का विनय था, लघुता थी।

पूज्य मुनिराज श्री दर्शनसागरजी म.सा. ने पूज्यश्री के प्रति अपना शिष्यत्व भाव ही दर्शित किया। उनका विनय हम सब के लिये आदर्श प्रेरणा रूप था।

उपा. श्री मणिप्रभसागरजी म.सा.

श्रमण चिंतन

24

दशवैकालिक सूत्र की प्रथम चूलिका का विवेचन

"साधु' अर्थात् सौम्यता का चाँद

'गृहस्थ' अर्थात् आग का गोला

मुनि श्री मनितप्रभसागरजी म.

श्रमण चिन्तन के एक-एक आलेख के द्वारा हम संयम का एक-एक सोपान तय करते हुए साधुता के सदानंद का रसपान कर रहे हैं।

एक तरफ संयम के महात्म्य का लेखन, और दूसरी तरफ दशवैकालिक की दिव्यता से परिपूर्ण रतिवाक्या (रइवक्का) चूलिका का विश्लेषण। दोनों के संगम ने एक-दूसरे के महत्त्व को हजारों-लाखों-करोडों गुणाकार ही नहीं, अनन्त गुणाकार वर्धमान कर दिया है।

संयम साधक जीवन का प्राणाधार है। यद्यपि संयम अपने आप में रसमय, सुधामय और मधुमय है तथापि कष्टों के कारण संयम के प्रति अरति और संसार के प्रति रति उत्पन्न होने के उपरान्त स्थितप्रज्ञ बनने के लिये दो तथ्यों का चिन्तन अनिवार्य है- एक है संयम की मूल्यवत्ता का बोध और दूसरा है काम भोगों की निस्सारता का भान!

उत्तराध्ययन सूत्र के **'सल्लं कामा विसं कामा कामा आसी विसोवमा'** इस मंत्र का संदर्भ देते हुए गुरू महाराज कह रहे हैं- मुनि! तूं कान खोल कर सुन! एकाग्र होकर सुन! 'जो मनुष्य विषय भोगों से विरक्त रहते हैं, वे साधक दुस्तर भव-समुद्र का पार पा जाते हैं पर जो आसक्त साधक मोहनीय कर्मवशात् संयम का उज्ज्वल वेश को छोडकर पुनः पंकिल संसार में लौट जाते हैं, वे उत्प्रव्रजित श्रमण गृहवास में केवल और केवल विषाद और अवसाद ग्रस्त होते हैं तथा हिंसा आदि सावद्य प्रवृत्तियों के कारण बहुल पाप कर्मों का उपार्जन करते हैं, इसके साथ बाल मरण प्राप्त करके दुर्गति में जाते हैं।

प्रस्तुत है दशवैकालिक सूत्र की प्रथम चूलिका का तेरहवाँ सूत्र **'सावज्जे गिहवासे अणवज्जे परिआए'**

गृहस्थ का जीवन सावद्य, हिंसक और पापपूर्ण है। उसकी सारी प्रसन्नता कुविचार, मायाचार और व्यभिचार पर निर्भर है। पल-पल हिंसा का खून बहता है। हर क्षण समता और अभयदान का कत्ल होता है। खाना, पीना, उठना, बैठना, हर प्रवृत्ति में हिंसा, झूठ, चोरी, अब्रह्मचर्य और परिग्रह, इन महापापों का बंध है। हर विचार में क्रोध, मान, माया और लोभ की अपवित्रता है। हर वाक्य में अप्रिय, असत्य और अमृदु शब्दों का दावानल है।

-सुबह से शाम तक पाप है।
-शाम से रात तक अधर्म है।
-रात से सुबह तक हिंसा है।
-जन्म से मरण तक दुःख है।
-मकान से दुकान तक बंधन है।
-पाने से खोने तक दुर्ध्यान है।
-परिवार से व्यापार तक क्लेश है।
-गाँव से शहर तक बीमारियाँ हैं।

इसके विपरीत

दीपावली की हार्दिक शुभकामना...

संघवी अशोक एम. भंसाली

M.A.ENTERPRISES

Mfrs. of Stainless Steel Sheet (Patta-Patti)

FACT. & ADMINISTRATIVE OFFICE :
508, G.I.D.C. Industrial Estate,
Mehdabad Highway Road,
Phase IV, VATVA,
AHMEDABAD - 382 445
Tel. : 91-79-25831384, 25831385
Fax : 91-79-25832261
Email : maenterprisesadi@gmail.com
enquiry@ma-enterprises.com
Website : www.ma-enterprises.com

तुम देखो कि श्रमण का जीवन हिंसामुक्त होने से कितना प्रसन्नता युक्त होता है।

षट्काय की जयणा भव भव में स्वस्थता, निरोगता, दीर्घ आयुष्य, यश, संपत्ति और उत्कृष्टतः मोक्ष सुख देती है। साधु जीवन में पृथ्वीकाय की विराधना से विरति! न मकान बनाना, न धातुओं का संग्रह करना, यहाँ तक सचित्त मिट्टी, नमक, पाषाण आदि का भी स्पर्श नहीं करना।

-अप्काय के जीवों को जीवन दान! सचित्त जल का सर्वथा त्याग। न कुआँ, बावडी, तालाब बनवाना, न स्नानादि आरम्भ करके सचित्त जल के जीवों की विराधना करना! यहाँ तक कि पेय जल भी निर्दोष हो तो ही लेना! कितना जबरदस्त संयम के प्रति प्रेम!

-तेजस्काय के जीवों की अहिंसा। दीपक, चूल्हा आदि न जलाना, न जलवाना, और उस पाप की अनुमोदना का भी त्याग। वाह भाई वाह! यह तो महाप्रतिज्ञा हुई।

-वायुकाय के जीवों को अभयदान! कितनी भी भयंकर उष्णता, ताप का अनुभव हो, चित्त बेचैन होने लगे, तब भी पंखे का प्रयोग नहीं। यहाँ तक कि वस्त्रादि से भी हवा की कामना नहीं! धन्यवाद है ऐसे महामुनीन्द्रों को।

-वनस्पतिकाय के छेदन-भेदन से विमुक्ति! फल, फूल, छाल, काष्ठ, मूल, पत्ता, बीज आदि के जीवों की विराधना से मुक्त साधु उनका कभी स्पर्श भी नहीं करता, तब उनका छेदन-भेदन तो बहुत दूर की बात है।

-शंख, कृमि आदि द्वीन्द्रिय, जूं, चींटी, चींटा, उदेहि आदि त्रीन्द्रिय, मच्छर, बिच्छू, मक्खी, भ्रमर आदि चतुरिन्द्रिय, मनुष्य को मछली आदि जलचर, बकरी, मुर्गा आदि स्थलचर, कबुतर-क्रोंच आदि खेचर, पंचेन्द्रिय जीवों को संपूर्ण अभयदान का महादान केवल साधु ही दे सकता हैं। अरे! यदि कोई व्यक्ति प्रतिदिन दस हजार गायों को अभयदान देता है तब भी साधु के एक दिन के अहिंसा धर्म के सम्मुख ऐसे ही अल्प और अपूर्ण है जैसे सिंधु के सामने बिंदु! पर्वत के सामने राई।

-तुम ही देखो! शास्त्रों को याद करो।

-अभयदान की भावना से धर्मरूचि अणगार एकावतारी बनते हैं पर कालसौकरिक कसाई हिंसा के महापाप के कारण नरक की वेदना को भोगता है।

-उच्च ब्रह्मचर्य निर्मल मैथुन-विरति के कारण ही आर्य स्थूलिभद्र त्रिलोक में सुयश पाते हैं जबकि मैथुन के कारण संसारी भव-भव का विस्तार कराते हैं।

-इसे विरति धर्म की बलिहारी ही कहेंगे कि इससे मुनि अर्जुनमाली, दृढप्रहारी, चिलाती पुत्र आदि तप की महाग्नि में तपकर कठोर, घोर, निबिड और निकाचित कर्मों का क्षय कर शीघ्र मोक्षगामी हुए जबकि कर्मों की जंजीर में बंधकर कण्डरिक, रावण, दुर्योधन आदि दुर्गति के पात्र बने।

संयम का सुंदर विमान... सौम्य उद्यान... समुज्ज्वल परिधान...। यहाँ प्रतिक्षण अहिंसा का बोध धर्म की पौध को हराभरा रखता है और संसार में पापों की अग्नि पुण्य की फसल को खा जाती है। हे साधु! एक श्रावक भी यदि उच्च गुणों का जीवन धारण करे, तब भी उसकी अहिंसा सवा विस्वा ही होती है जबकि साधु की वीस विस्वा दया होती है। लोहे का एक गर्म गोला जब पर्वत से नीचे लुढकता हुआ आता है तब सारी हरियाली, जीव-राशि को भस्मीभूत कर देता है, वैसे ही गृहस्थ एक अग्नि से तपते गोले से भी भंयकर है जो प्रतिक्षण मन-वचन काया से जीवों का हनन करता है।

संसार काजल की कुप्पी के समान है जिसमें कोई भी बेदाग और शुभ्र-श्वेत नहीं रह सकता। साधु को चित्रकार लोहकार, स्वर्णकार, कुम्भकार, कलाकार आदि की कोई जरूरत ही नहीं होती। अपरिग्रह की साधना उसे उत्तम और अनुत्तर अहिंसा धर्म की सौगात देती है जबकि गृहस्थ को कदम-कदम पर नाई, दर्जी, सुनार आदि की जरूरत पड़ती हैं। परिग्रह उसके जीवन के सुख को नष्ट कर देता है।

दीपावली पर्व
पर आपको बधाई...
Happy Diwali
श्री व्यापारीलालजी
गोदावरीदेवी
अंजुदेवी-रतनलाल, कान्तादेवी-विनोदकुमार,
मंजुदेवी-गौतमकुमार, मीनादेवी-पारसमल,
कंचनदेवी-सुरेशकुमार (पुत्र-पुत्रवधु),
मौनादेवी-हितेशकुमार, रुपलदेवी-सुशीलकुमार
(पौत्र-पौत्रवधु), हिम्मतकुमार, विवेक,
वंदन, विपुल, रौनक (पौत्र),
भव्या, तनिषा (पौत्री),
कमलादेवी-सरदारमलजी चौपड़ा
(बहिन)
प्रतिष्ठान
रतनलाल गौतमकुमार
बोहरा ब्रदर्स
403, 603, Safal Flora,
Godha caup Road, Shahibag,
Ahmedabad - 380004
(R) 079-22680300, 22680460
(M) 09327002606, 09924477723
श्रीमती गोदावरीदेवी व्यापारीलालजी बोहरा (हालावाला) परिवार
रतनलाल व्यापारीलालजी बोहरा
8, शाहीकुटीर, शाहीबाग, अहमदाबाद-380 004.
टेली. : (079) 22869300

-साधु-जीवन भाव-प्रधान होता है।
-गृहस्थ-जीवन द्रव्य प्रधान होता है।
-शुभ भाव से संयम की सुरक्षा होती है।
-अशुभ भाव से समकित भी चला जाता है।
-गृहस्थ अप्रशस्त कषायी होता है।
-साधु प्रशस्त पर मंद कषायी होता है।
-गृहस्थ पुनः पुनः पाप बंध करता है।
-साधु प्रायश्चित्त और पश्चात्ताप से कर्म-रज को धो डालता है।

वत्स! संसार का जीवन नरक का द्वार है। थोडा समझदार बन। सहनशील बन। धर्मप्राण बन। हिंसा से कभी भी सुख नहीं मिलेगा। यदि

0 आग से कमल खिले...
0 जहर से जीवन मिले...
0 तुला में सुमेरू तुले...

तो समझना कि पाप से पुण्यानुबंधी पुण्य मिले। हिंसा से शांति, सदभावना और सुख का संचार हो। सावद्य जीवन दुर्गति, दुर्मति और दुर्व्यवहार की खाई है और निरवद्य जीवन सद्गति, सन्मति और सिद्धगति का शिखर।

इसलिये अच्छी तरह सोच, विचार कर और जीवन में संयम को आत्मसात् कर। आज मुझे बस इतना ही कहना है।

अँधेरे के आवरण पर आघात है दीपावली
कुभाव-कुदृष्टि पर तुषारापात है दीपावली
जागरण है, चेतना-विश्वास है दीपावली
सदभाव के सदैव बिलकुल पास है दीपावली
धन से धर्म का अनुबंध है दीपावली
खुद की हस्ती का जैसे छंद है दीपावली
ज्ञान का विवेक से संबंध है दीपावली
रौशनी को जीने का एक ढंग है दीपावली

-चन्द्रकुमार जैन



जीवन बाती से जुडे, पुरुषार्थों की आग
हर आंगन संदीप्त हो, जाय अंधेरा भाग।।
पावन पुष्पों से गुँथें, ऐसे बन्धनवार
जिन्हें लगाकर सज उठें, सबके तोरणद्वार।।
भोर समीरों में घुलें, गेंदे के मकरंद
सांझ ढले कर्पूर की, हर दिसि भरे सुगन्ध।।
लक्ष्मी का अवतार हो, हाथ लिए संतोष
जिससे खाली हो सकें, सभी लालसा कोष।।

-विराग जैन

सावधान! वरक मांसाहार है...

मुनि श्री मनितप्रभसागरजी म.

विवाह, गृह प्रवेश, जन्मदिन आदि उत्सवों पर हम देखते हैं कि प्रचुर मात्रा में वरक का प्रयोग हो रहा है। मिष्ठान्न की किसी दुकान पर चले जाये या फल बेचने की दुकान को देखे तो वहाँ भी मिठाई तथा फलों की चमक बढाने के लिए वरक का भरपूर उपयोग होता दिखाई देता है। च्यवनप्राश, पान, सुपारी, मुखवास आदि के सौन्दर्यीकरण के लिये तो वरक का प्रयोग होता ही है, साथ-साथ कतिपय आयुर्वेदिक औषधियों में भी वरक का उपयोग हो रहा है। पर क्या कभी आपने विचार किया है कि-

- वरक (Silver Leaf) क्या है?
- वरक कैसे बनता है?
- वरक की उपयोगिता क्या है?

वर्तमान की Manage, money और Machine प्रधान जीवन शैली ने व्यक्ति को इतना बेहोश-बेभान बना दिया है कि इन छोटी-छोटी पर बड़ी महत्व की बातों पर ध्यान देने के लिये उसके पास समय का नितान्त अभाव है। पर इस अज्ञानता के दुष्परिणाम जब सामने आते हैं, तब वह व्यक्ति न संभल पाता है, न सह पाता है।

वरक निर्माण की प्रक्रिया

वरक दिखने में जितना मनमोहक और सुन्दर है, उसके निर्माण की प्रक्रिया उतनी ही हिंसात्मक और घिनौनी है। पूना की एक संस्था BEAUTY WITHOUT CRUELTY, जिसने पहले लेदर के पर्स, बेल्ट, जूते आदि के एवं सौन्दर्य प्रसाधन सामग्री के निर्माण में होने वाली क्रूर हिंसा को Video के माध्यम से प्रसारित करके सचेत किया था, उसी ने वरक बनाने की विधि का बारिकी से अध्ययन किया है। उसके द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के अनुसार वरक बनाने में पशु के ताजे चमड़े का उपयोग किया जाता है। एक दिन का भी पुराना चमडा इसमें उपयोगी नहीं होता।

वरक-निर्माता न केवल कत्लखाने-बूचड खाने के संपर्क में रहते हैं अपितु स्वयं वहाँ जाकर ऐसे पशुओं का चयन करते हैं जिनकी चमडी मुलायम एवं नरम हो।

उन निर्दोष बेजुबां पशुओं का बेरहमी से कत्ल किया जाता है तथा आंतों की चमडी से पतली तथा बारीक झिल्ली अलग करके रसायन के घोल में भिगोकर रखी जाती है। निर्धारित अवधि के बाद उसे सूखाकर उसी झिल्ली के टुकडे करके पौच बनाये जाते हैं और पौच से किताब बनती है।

सर्वेक्षण के दौरान प्राप्त आंकडों के अनुसार एक बैल से प्राप्त झिल्ली से लगभग 20 से 25 पौच तैयार होते हैं तथा कुल 360 पौचों की एक किताब होती हैं। इस किताब को किसी बछडे या भेड के चमडे की थेली में रखा जाता हैं।

वरक बनाने के लिये हर पौच में सोने या चाँदी के छोटे टुकडे रखकर थैली को कूटा जाता है। लगभग 7-8 घण्टे तक कूटने पर वे टुकडे फैलकर वरक बन जाते हैं।

वरक बनाने के लिये विशेषत: बैल के आंत की झिल्ली का प्रयोग होता है क्योंकि वह घण्टों तक कूटने के बाद भी फटती-कटती नहीं है।

वरक की किताब केवल आगरा में ही बनती है पर वरक तो मुम्बई, अहमदाबाद, जयपुर, वाराणसी, कानपुर, गया, मेरठ, इन्दौर, पटना, भागलपुर, मुजफ्फरपुर आदि अनेक शहरों में बनता है। एक वर्ष में वरक बनाने की जितनी किताबें बनती है, उनके लिये अनुमानित 40 से 45 करोड पशुओं का निर्दयतापूर्वक वध किया जाता है।

यह भी एक भ्रम ही है-

प्राय: यह सुनते हैं कि चाँदी एक ऐसा पदार्थ हैं जिसमें अन्य तत्त्व किसी भी तरह से मिश्रित नहीं हो सकते। परन्तु वैज्ञानिक अनुसंधान के आलोक में हम वास्तविकता से रूबरू हो सकते हैं।

भारतीय विष विज्ञान अनुसंधान-लखनऊ द्वारा बाजार में उपलब्ध वरक पर अनुसंधान करने पर यह निष्कर्ष सामने आया है कि पशु के बाल, खून, मांस, लार, मल आदि जहरीले एवं हानिकारक तत्त्व भी वरक में पाये जाते हैं।

यद्यपि भारत सरकार ने खाद्य पदार्थ मिलावट रोक कानून 1954 (PFA 2003) के अन्तर्गत वरक को खाद्य पदार्थ के रूप में मान्यता दी गयी है पर उसका नियम है कि वरक में चांदी की शुद्धता 99.9% से अधिक होनी चाहिये। जबकि उसमें शुद्धता का प्रतिशत 99.9% से कम पाया गया है। दूसरी ओर जब वरक पर विभिन्न प्रयोग किये गये तो पाया गया कि एल्युमिनियम के भी वरक बनते हैं जो कि प्रत्यक्षत: स्वास्थ्य के लिये जहर है। अशुद्ध वरक में मेंगनीज, तांबा, नीकल, सीसा, क्रोमियम आदि हानिकारक तत्त्व पाये गये हैं, जो कि केंसर, टी.बी., पथरी (stone) आदि घातक बीमारियों के कारण हैं।

एक मीठा षडयंत्र-

वरक अर्थात् आर्य संस्कृति को नष्ट-भ्रष्ट करने का एक षडयंत्र। भारतीय संस्कृति का प्राण अहिंसा है और त्याग उसकी आत्मा है।

भारत को विश्वगुरू कहा जाता है क्योंकि आर्य संस्कृति में विश्व शान्ति, परस्पर सौहार्द्र और सद्भाव के बीज समाये हुए हैं।

इस संस्कृति का आधार है- सत्साहित्य। इस सभ्यता के रक्षक हैं-पंचमहाव्रतधारी श्रमण भगवंत और इस धर्म की शक्ति है-अहिंसा। जैनत्व एवं अहिंसा की पवित्र संस्कृति को हिंसा के रक्त से अपवित्र करने का वरक नामक महाभियान चल रहा है।

अहिंसा की मजबूत प्राचीर को गिराने का उपक्रम है- वरक। छोटे से वरक के माध्यम से विषैले तत्त्व भीतर में जाकर उतनी ही बडी भूमिका निभा सकते हैं जितनी कि बडी नाव को डूबाने में एक छोटा छिद्र निभाता है।

अत्यन्त भावुकता काम की नहीं-

वरक का उपयोग भोग स्थानों पर ही नहीं, धर्म स्थानों पर भी प्रचुरता से हो रहा है। जिनालयों में प्रभु आंगी में एवं प्रतिमा की सजावट में भक्त वर्ग वरक का उपयोग करता है जो कि सर्वथा अनुचित है।

अहिंसा के उपदेष्टा भगवान की पूजा में इतने भावुक न बने कि पूजा का विवेक और औचित्य ही भूल जाये। जब मंदिर में बाजार के अभक्ष्य पदार्थों का उपयोग निषिद्ध है तब घोर हिंसा जनक वरक कैसे स्वीकार्य हो सकता है? प्रभु-प्रतिमा से टपकती वीतरागता, सौम्यता और विशुद्धता जब अतीव सघन तथा विशिष्ट है, तब वरक की आवश्यकता क्या हैं?

एक निवेदन- वरक में न तो स्वाद है, न शक्ति। यह तो एक मात्र सौन्दर्यीकरण का हेतु है। इण्डियन एयर लाइन्स ने स्वस्तरीय कार्यवाही करते हुए अपनी विमान सेवा में वरक के उपयोग पर रोक लगा दी है।

यद्यपि वर्तमान में वरक बनाने के यंत्र भी बन चुके हैं पर प्रश्न यह है कि उनसे बनने वाले वरक को कैसे पहचाना जाये क्योंकि ऐसा कोई भी चिन्ह वरक-पेकेट पर नहीं होता

जिससे यह ज्ञात हो जाय कि यह यंत्र द्वारा निर्मित है और यह किताब में कूटा गया है। अत: शाकाहारी एवं मांसाहारी वरक की पहचान का कोई फॉर्मूला जब तक हाथ न लगे, तब तक वरक का सर्वथा त्याग ही उपयुक्त है क्योंकि आंगी की चमक और मिठाई, फल आदि की सुन्दरता न बढेगी तो चलेगा पर किसी भी तरीके से हमारे शरीर में मांस के अंश प्रविष्ट न हो तथा हमारे किसी भी व्यवहार द्वारा पंचेन्द्रिय जीव-हिंसा की अनुमोदना न हो, इतनी जागरूकता एवं संकल्प शक्ति तो जरूरी है ही।

यदि आप अहिंसक, शाकाहारी एवं आर्य कहलाना पसंद करते हैं तो वरक का त्याग करे तथा स्वधर्मियों, दुकानदारों, परिचितों, स्वजनों एवं परिजनों से निवेदन करे कि वरक का उपयोग न करें तथा घर में भी उसका वर्जन करते हुए प्रचारक की भूमिका निभाये।

संस्कृत के चोर अंग्रेज

मनु = मैन
पितर = फादर
मातर = मदर
भ्रातर =ब्रदर
स्वसा = सिस्टर
दुहितर = डाटर
सुनु = सन
विधवा = विडव
अहम् = आई एम
मूष = माउस
ऋत = राइट
स्वेद = स्वेट (पसीना)
अंतर = अंडर (नीचे, भीतर)
द्यौपितर = जुपिटर (आकाश, बृहष्पति)
पशुचर = पाश्चर (चरवाहा)
दशमलव = डेसिमल
ज्यामिति = ज्योमेट्री
पथ = पाथ (रास्ता)
नाम = नेम

वमन > Vomity = उल्टी करना
द्वार > डोर Door
हृत > हार्ट Heart
द्वि> Two
त्रि = Three
पञ्च > Penta > five
सप्त > hept > seven
अष्ट > oct > eight
नव > non > nine
दश > deca > ten
दन्त > dent
उष्ट्र > ostrich
गौ > cow
गम् > go
स्था > stay

संस्कृत ही मूल भाषा है, अन्य सभी उसके अपभ्रंश एवं विकृत रूप हैं।

तत्त्वावबोध

13

चतुर्भंगी का चमत्कार

मुनि श्री मनितप्रभसागरजी म.

८८ गति-दिशा

1 गति नहीं, दिशा नहीं- जाति भव्य जीवों की

2 गति और दिशा, दोनों हैं- सम्यक्त्वी मनुष्य की

3 गति है पर दिशा नहीं- वायु की

4 गति नहीं पर दिशा है- वृक्ष की

८९ दो भाई और दीक्षा

1 छोटे बडे, दोनों भाईयों ने दीक्षा ली- राम और भरत

2 छोटे भाई ने दीक्षा ली, बडे ने नहीं ली- महावीर और नंदीवर्धन

3 बडे भाई ने दीक्षा ली, छोटे ने नहीं ली- बलभद्र और श्रीकृष्ण

4 दोनों भाईयों ने दीक्षा नहीं ली- युगबाहु और मणिरथ

९० पति-पत्नी और दीक्षा

1 पति-पत्नी, दोनों ने दीक्षा ली- ऋषभदत्त और देवानंदा

2 पति ने दीक्षा ली पर पत्नी ने नहीं ली- महावीर स्वामी और यशोदा

3 पति ने दीक्षा नहीं ली पर पत्नी ने ली- रावण और मंदोदरी

4 पति और पत्नी, दोनों ने दीक्षा नहीं ली- धृतराष्ट्र और गांधारी

९१ माता-पिता और दीक्षा

1 मेरे माता-पिता, दोनों ने दीक्षा ली- अरणिक मुनि

2 मेरी माता ने दीक्षा ली पर पिता ने नहीं ली- अभयकुमार

3 मेरे पिता ने दीक्षा ली पर माता ने नहीं ली- शय्यंभवसूरि के पुत्र मनक मुनि

4 मेरे माता-पिता, दोनों ने दीक्षा नहीं ली- भगवान आदिनाथ

९२ बहिन और दीक्षा

1 दोनों बहिनों ने दीक्षा ली- ब्राह्मी और सुन्दरी

2 दोनों बहिनों ने दीक्षा नहीं ली- जयसुन्दरी एवं भुवनसुन्दरी

3 बडी बहिन ने दीक्षा ली, छोटी ने नहीं ली- मृगावती और चेलणा

4 छोटी बहिन ने दीक्षा ली, बडी ने नहीं ली- सुज्येष्ठा और ज्येष्ठा

९३. सासु-बहु-दीक्षा

1 सासु-बहु, दोनों ने दीक्षा ली- सीता और कौशल्या

2 सासु-बहु, दोनों ने दीक्षा नहीं ली- मरूदेवा और सुनन्दा-सुमंगला

3 सासु ने दीक्षा ली, बहु ने नहीं ली- सीता और उनकी पुत्रवधु

4 बहु ने दीक्षा ली, सासु ने नहीं ली- सीता और कैकेयी

९४. संसार और ममता

1 मैंने संसार और ममत्व, दोनों को छोडा- तीर्थंकर, गणधर आदि

2 मैंने संसार छोडा पर ममत्व नहीं छोडा- मरीचि

3 मैंने संसार नहीं छोडा पर ममत्व छोडा- मरूदेवी माता, भरत चक्री (दीक्षा पूर्व)

4 मैंने संसार और ममत्व, दोनों को नहीं छोडा- त्रिपृष्ठ, द्विपृष्ठ वासुदेव

९५. अहंकार और पश्चात्ताप

1 मैंने अहंकार किया, पश्चात्ताप भी किया- दशार्णभद्र, स्थूलिभद्र

2 मैंने अहंकार किया पर पश्चात्ताप नहीं किया- सुभूम चक्री, मरीचि

3 मैने अहंकार नहीं किया पर पश्चात्ताप किया- अतिमुक्तक

4 मैने अहंकार और पश्चात्ताप, दोनों नहीं किये- तीर्थंकर

दीपावली पूजन

श्री जैन शारदा-महालक्ष्मी पूजन दीपावली पूजन-विधि

1. स्नान करके शुद्ध वस्त्र पहन कर पूजा करें।
2. पूजन के उपकरण-धूप बत्ती, धूपदान, अखण्ड दीपक, पान, मौली, पंचामृत-दही, दूध, घी, मिश्री और केसर मिलाकर कलश तैयार कर लें। अक्षत, सुपारी और केसर आदि सभी एक थाली में संचय करके रख लें।
3. दवात को मांजकर नई स्याही भरें।
4. नई पेन/कलम लें।
5. पूजन करते समय भगवान महावीर स्वामी, श्री गौतम स्वामी, शारदा और लक्ष्मी का चित्र बाजोट पर पूर्व या उत्तर में स्थापित करें।
6. शुभ मुहूर्त्त में नई बहियों, कलम, दवात को किसी चौकी या पाटे पर पूर्व या उत्तर की ओर स्थापित करें।
7. इस पाटे के दाहिने ओर घी का दीपक और बायीं ओर धूप या अगरबत्ती रखें।
8. पूजन करने वालों के दाहिने हाथ की ओर दवात, नई कलम रखे। बहियों को तीन नवकार गिनकर लच्छा बांधे।
9. पूजन करने वालों को तीन नवकार गिनते हुए दाहिने हाथ की कलाई में मौली बांधें। फिर एक नवकार पढ़ते हुए कलम के भी मौली बांधें।
10. दीपावली पर्व पर उपवास, आयंबिल, एकासना आदि तप करें।
11. आतिशबाजी आदि का उपयोग नहीं करें। इससे महान् कर्मबंधन होता है। अतः यह सर्वथा त्याज्य है।
12. कुमारिका द्वारा सर्वपूजकों के कपाल पर कुंकुम का तिलक कर अक्षत लगावें।

नई बही के प्रथम पाने में सर्वप्रथम **ॐ अर्हम् नमः** लिखें। फिर एक से लेकर नौ, 9 आकारों में एक **श्री** से प्रारम्भ कर 9 **श्री** तक लिखें, इससे **श्री** का शिखर बन जाएगा। उसके नीचे रोली (कुंकुम) का 卐 (स्वस्तिक) बनायें, फिर उसके आजू-बाजू में **शुभ लाभ** इस प्रकार लिखें -

।।ॐ अर्हम् नमः।।

श्री

शुभ श्री श्री लाभ

श्री श्री श्री

श्री श्री श्री श्री

श्री श्री श्री श्री श्री

श्री श्री श्री श्री श्री श्री

श्री श्री श्री श्री श्री श्री श्री

श्री श्री श्री श्री श्री श्री श्री श्री

卐श्री श्री श्री श्री श्री श्री श्री श्री श्री卐

卐

फिर बही में लिखना प्रारम्भ करें :-

8	3	4
1	5	9
6	7	2

।।श्री महावीर स्वामिने नमः।।

।।श्री गुरू गौतम स्वामिने नमः।।

।।श्री जिनदत्त-चन्द्र-कुशल-चन्द्र गुरूभ्यो नमः।।

।।श्री सद्गुरूभ्यो नमः।।

।।श्री सरस्वत्यै नमः।।

श्री गुरूगौतमस्वामीजी जैसी लब्धि हो
श्री केसरियाजी जैसा भरपूर भंडार हो
श्री भरत चक्रवर्ती जैसी ऋद्धि हो
श्री बाहुबली जी जैसा बल हो
श्री अभयकुमार जी जैसी बुद्धि हो
श्री कयवन्नाजी सेठ जैसा सौभाग्य हो
श्री धन्ना शालिभद्रजी जैसी सम्पत्ति हो
श्री श्रेयांसकुमारजी जैसी दानवृत्ति हो
श्री जिनशासन की प्रभावना हो।

श्री वीर सं. 2540 श्री विक्रम सं. 2071 मिति कार्तिक वदि 30 गुरूवार तारीख 23-10-2014 को श्री महालक्ष्मी देवी का पूजन शुभ मुहूर्त्त में किया।

बाद में स्वस्तिक पर नागरबेल का पान, लौंग, सुपारी, इलायची, रूपा नाणा आदि रखें। फिर अखंड जलधारा बही के चारों ओर देकर पू. गुरूदेव का अभिमंत्रित वासक्षेप, अक्षत, पुष्प, कुसुमांजलि हाथ में लेकर चोपड़ा के ऊपर कुसुमांजलि करें।

श्री शारदा (सरस्वती) पूजन-विधि

निम्नलिखित श्लोक एवं तत्पश्चात् मंत्र बोलें -

मंगलं भगवान् वीरो, मंगलं गौतमप्रभुः।
मंगलं स्थूलिभद्राद्या, जैन धर्मोस्तु मंगलम् ।।

मंत्र- ॐ आर्यावर्ते अस्मिन् जम्बूद्वीपे भरतक्षेत्रे दक्षिणार्ध भरते मध्यखण्डे भारत देशे ..... नगरे ममगृहे श्री शारदादेवी आगच्छ आगच्छ तिष्ठ तिष्ठ स्वाहा।

आह्वान-ॐ श्री शारदा देवी, मम गृहे आगच्छ आगच्छ स्वाहा ।

स्थापना- ॐ श्री शारदा देवी, मम गृहे तिष्ठ तिष्ठ स्वाहा।

संनिधान- ॐ श्री शारदा देवी, मम सानिध्यं कुरू कुरू स्वाहा, अत्र पूजां बलिं गृहाण गृहाण स्वाहा।

यह कहकर हाथ में ली हुई कुसुमांजलि चढ़ावें।

इस प्रकार स्तुति करने के पश्चात् श्री शारदा देवी की पूजन करें :-

पंचामृत पूजा- ॐ ह्रीं श्री भगवत्यै केवलज्ञान स्वरूपायै लोकालोक-प्रकाशिकायै हंसगामिन्यै श्री सरस्वत्यै पंचामृतं समर्पयामि स्वाहा।

(पंचामृत का छांटणा करें)

जल पूजा- ॐ ह्रीं श्री भगवत्यै केवलज्ञान स्वरूपायै लोकालोक-प्रकाशिकायै हंसगामिन्यै श्री सरस्वत्यै जलं समर्पयामि स्वाहा। (जल छांटणा करें)

चन्दन पूजा- ॐ ह्रीं श्री भगवत्यै केवलज्ञान स्वरूपायै हंसगामिन्यै लोकालोक-प्रकाशिकायै श्री सरस्वत्यै चन्दनं गन्धं समर्पयामि स्वाहा । (चन्दन के छांटणा करें)

पुष्प पूजा- ॐ ह्रीं श्री भगवत्यै केवलज्ञान स्वरूपायै लोकालोक-प्रकाशिकायै हंसगामिन्यै श्री सरस्वत्यै पुष्पं समर्पयामि स्वाहा। (पुष्प चढ़ायें)

धूप पूजा- ॐ ह्रीं श्री भगवत्यै केवलज्ञान स्वरूपायै लोकालोक-प्रकाशिकायै हंसगामिन्यै श्री सरस्वत्यै धूपं समर्पयामि स्वाहा। (धूप करें)

दीप पूजा- ॐ ह्रीं श्री भगवत्यै केवलज्ञान स्वरूपायै लोकालोक-प्रकाशिकायै हंसगामिन्यै श्री सरस्वत्यै दीपं समर्पयामि स्वाहा। (दीप करें)

अक्षत पूजा- ॐ ह्रीं श्री भगवत्यै केवलज्ञान स्वरूपायै लोकालोक-प्रकाशिकायै हंसगामिन्यै श्री सरस्वत्यै अक्षतं समर्पयामि स्वाहा। (अक्षत चढ़ायें)

नैवेद्य पूजा- ॐ ह्रीं श्री भगवत्यै केवलज्ञान स्वरूपायै लोकालोक-प्रकाशिकायै हंसगामिन्यै श्री सरस्वत्यै नैवेद्यं समर्पयामि स्वाहा। (नैवेद्य चढ़ायें)

फल पूजा- ॐ ह्रीं श्री भगवत्यै केवलज्ञान स्वरूपायै लोकालोक-प्रकाशिकायै हंसगामिन्यै श्री सरस्वत्यै फलं समर्पयामि स्वाहा। (फल चढ़ायें)

अर्घ्य पूजा- ॐ ह्रीं श्री भगवत्यै केवलज्ञान स्वरूपायै लोकालोक-प्रकाशिकायै हंसगामिन्यै श्री सरस्वत्यै अर्घ्यं सर्वोपचारान् स्वाहा। (बाकी सब वस्तु चढ़ायें)

इस प्रकार द्रव्य पूजन करने के पश्चात् क्षमापना करें, बाद में श्री सरस्वती स्तोत्र का पाठ करें।

श्री सरस्वती स्तोत्र

तर्ज-हे नाथ तेरे चरणों...

हे शारदे मां हे शारदे मां।
हमें तार दे मां हे शारदे मां ।।
है रूप तेरा उज्ज्वल समुज्ज्वल।
सावन-सा रिमझिम गंगा-सा निर्मल।
जीवन का उपवन संवार दे मां,
हे शारदे मां.....।।१।।
अम्बर से विस्तृत चंदा-सी शीतल।
तुमसे प्रकाशित है सारा भूतल।
अमृत की बूंदें दो-चार दे मां,
हे शारदे मां.....।।२।।
मूरख भी पंडित गूंगा भी वक्ता।
तेरी कृपा से क्या हो न सकता।
अपनी कृपा को विस्तार दे मां,
हे शारदे मां.....।।३।।
साधु भी श्रावक भी तुमको ही ध्यावे।
तेरी अमी से निज भान पावे।
मणिप्रभ को वात्सल्य की धार दे मां,
हे शारदे मां.....।।४।।

उपर्युक्त स्तोत्र बोलने के बाद एक थाली में दीपक और कपूर जागृत करके आरती उतारें।

श्री सरस्वती माता की आरती

जय जय आरती माता तुम्हारी।
आलोकित हो बुद्धि हमारी।।1।।
कर में वीणा पुस्तक सोहे।
धवल कमल सिंहासन मोहे।।2।।
तुझ चरणों में आरती अर्पण।
निर्मल बुद्धि देना हर मन।।3।।
मात सरस्वती के गुण गाउँ।
'मणि' चिन्तामणि विद्या पाउँ।।4।।

फिर इस अष्टक का पाठ करें -

श्री गुरु गौतम स्वामी का अष्टक

अंगूठे अमृत वसे, लब्धि तणा भंडार।
श्री गुरु गौतम सुमरिये, वांछित फल दातार।।दोहा।।
त्रिपदी प्राप्त भगवंत से, द्वादश अंग विचार।
रचना क्षण इक में करे, गुरु गौतम जयकार।।1।।
दीक्षा दी जिसको उसे, केवल हुआ श्रीकार।
बोधिदान में कुशल वर, गुरू गौतम जयकार।।2।।
निज लब्धि से ही चढ़े, अष्टापद सुखकार।
बोधे जृंभक देव को, गुरु गौतम जयकार।।3।।
पन्द्रहसौ तापस तपे, दे प्रतिबोध उदार।
एक पात्र से पारणा, गुरु गौतम जयकार।।4।।
वीर प्रभु निर्वाण सुन, मंथन मनन अपार।
पाई केवल संपदा, गुरु गौतम जयकार।।5।।
जो चाहो सुख संपदा, इष्ट सिद्धि संसार।
सुबह शाम नित नित करो, गुरु गौतम जयकार।।6।।
चरणों में मैं नित करूँ, वंदन विधि अनुसार।
इष्ट सिद्धि वांछित फले, गुरु गौतम जयकार।।7।।
गौतम स्वामी को नमो, जाप करो हर बार।
'मणि' मन वंदन भाव से, गुरु गौतम जयकार।।8।।

उपर्युक्त गौतम अष्टक बोलने के बाद पूर्व या उत्तर दिशा सम्मुख होकर धूप-दीप करके एकाग्रचित्त से निम्नलिखित सरस्वती मंत्र की एक माला गिनें।

श्री सरस्वती मंत्र

ॐ ह्रीं क्लीं श्रीं ह्रीं ऐं सरस्वत्यै नमः

।।श्री महालक्ष्मी पूजन-विधि।।

श्री महालक्ष्मीजी मूर्ति, सिक्का, सोना, चांदी इत्यादि पूजन के लिए चांदी की थाली में बहुमान से स्थापित की जानी चाहिए।

मन्त्र और विधि

आह्वान- दो हाथ जोड़कर अनामिका अंगुली के मूल-पर्व को अंगूठे से जोड़ने से आह्वान मुद्रा होती है। इस मुद्रा से यह मंत्र बोलकर आह्वान करें-

1. ॐ आर्यावर्ते अस्मिन् जम्बूद्वीपे भरतक्षेत्रे दक्षिणार्द्धभरते मध्यखण्डे भारत देशे.....नगरे.... ....मम गृहे ॐ आँ क्रौं ह्रीँ महालक्ष्मि! चन्द्रमुखे! सौभाग्यदायिनी! अक्षयभांडागार-भरपूरणि। मम ऋद्धिं सिद्धिं सुख-संपत्तिं कुरु कुरु अत्र आगच्छ आगच्छ स्वाहा।

स्थापना- दोनों हथेलियों को नीचे की ओर उल्टा करने से स्थापन मुद्रा होती है। इस मुद्रा में यह मंत्र बोलें-

2. ॐ आर्यावर्ते अस्मिन् जम्बूद्वीपे भरतक्षेत्रे दक्षिणार्द्धभरते मध्यखण्डे भारत देशे.....नगरे.... .....मम गृहे ॐ आँ क्रौं ह्रीँ महालक्ष्मि! चन्द्रमुखे! सौभाग्यदायिनी। अक्षयभांडागार-भरपूरणि! मम ऋद्धिं सिद्धिं सुख-संपत्तिं कुरु कुरु अत्र पूजने तिष्ठ तिष्ठ स्वाहा।
3. ॐ आर्यावर्ते अस्मिन् जम्बूद्वीपे भरतक्षेत्रे दक्षिणार्द्धभरते मध्यखण्डे भारत देशे.....नगरे.... .....मम गृहे ॐ आँ क्रौं ह्रीँ महालक्ष्मि! चन्द्रमुखे! सौभाग्यदायिनी। अक्षयभांडागार-भरपूरणि! मम ऋद्धिं सिद्धिं सुख-संपत्तिं कुरु कुरु पूजाबलिं गृहाण गृहाण स्वाहा।

अब महालक्ष्मी देवी का पूजन करें :

1. **जल पूजा**- ॐ आँ क्रौं ह्रीँ महालक्ष्मि ! चन्द्रमुखे! सौभाग्यदायिनी! अक्षयभाण्डागारभरपूरणि! मम ऋद्धिं सिद्धिं सुख संपत्तिं कुरु कुरु जलं गृहाण गृहाण स्वाहा ।।
2. **गंध पूजा**- ॐ आँ क्रौं ह्रीँ महालक्ष्मि! चन्द्रमुखे! सौभाग्यदायिनी! अक्षयभाण्डागारभरपूरणि! मम ऋद्धिं सिद्धिं सुख संपत्तिं कुरु कुरु, गंधं गृहाण गृहाण स्वाहा ।।
3. **पुष्प पूजा**- ॐ आँ क्रौं ह्रीँ महालक्ष्मि! चन्द्रमुखे! सौभाग्यदायिनी! अक्षयभाण्डागारभरपूरणि! ऋद्धिं सिद्धिं सुख संपत्तिं कुरु कुरु पुष्पं गृहाण गृहाण स्वाहा।
4. **धूप पूजा**- ॐ आँ क्रौं ह्रीँ महालक्ष्मि! चन्द्रमुखे! सौभाग्यदायिनी! अक्षयभाण्डागारभरपूरणि! मम ऋद्धिं सिद्धिं सुख संपत्तिं कुरु कुरु धूपं गृहाण गृहाण स्वाहा।।
5. **दीप पूजा**- ॐ आँ क्रौं ह्रीँ महालक्ष्मि! चन्द्रमुखे! सौभाग्यदायिनी! अक्षयभाण्डागारभरपूरणि। मम ऋद्धिं सिद्धिं सुख संपत्तिं कुरु कुरु दीपं गृहाण गृहाण स्वाहा।।
6. **अक्षत पूजा**- ॐ आँ क्रौ ह्रीँ महालक्ष्मि! चन्द्रमुखे! सौभाग्यदायिनी! अक्षयभाण्डागारभरपूरणि! मम ऋद्धिं सिद्धिं सुख संपत्तिं कुरु कुरु अक्षतं गृहाण गृहाण स्वाहा।।
7. **नैवेद्य पूजा**- ॐ आँ क्रौं ह्रीँ महालक्ष्मि! चन्द्रमुखे! सौभाग्यदायिनी! अक्षयभाण्डागारभरपूरणि। मम ऋद्धिं सिद्धिं सुख संपत्तिं कुरु कुरु नैवेद्यं गृहाण गृहाण स्वाहा।
8. **फल पूजा**- ॐ आँ क्रौं ह्रीँ महालक्ष्मि! चन्द्रमुखे! सौभाग्यदायिनी! अक्षयभाण्डागारभरपूरणि! मम ऋद्धिं सिद्धिं सुख संपत्तिं कुरु कुरु फलानि गृहाण गृहाण स्वाहा।।
9. **वस्त्र पूजा**- ॐ आँ क्रौं ह्रीँ महालक्ष्मि! चन्द्रमुखे! सौभाग्यदायिनी! अक्षयभाण्डागारभरपूरणि। मम ऋद्धिं सिद्धिं सुख संपत्तिं कुरु कुरु वस्त्रं गृहाण गृहाण स्वाहा।।

हाथ जोड कर बोलें-

नीर-गन्धाक्षतै र्पुष्पै-नैंवेद्यैर्धूप-दीपकै:।
फलैरर्घ्यं च अर्चामि, सर्वकार्यसुसिद्धये।।

पुष्पांजलि (समर्पित करना)

शान्ति: शान्तिकर: स्वामी, शान्तिधारां प्रवर्षति।
सर्व-लोकस्य शान्त्यर्थं, शान्तिधारां करोम्यहम्।।

जाति-चम्पकमालाद्यै - र्मोगरैः पारिजातकैः।
यजमानस्य सौख्यार्थे, सर्वविघ्नोपशान्तये।।

इस प्रकार द्रव्य पूजा के पश्चात् एक थाली में दीपक और कपूर जागृत करके आरती उतारनी चाहिए।

महालक्ष्मी माता की आरती

ओम जय लक्ष्मी माता, हो देवी जय लक्ष्मी माता।
संकट मेरे हर दो, झोली मेरी भर दो,
पाउँ सुखशाता ।।टेर।।
रखवाली तुम जिन शासन की, संघ सकल ध्यावे।
पहली आरती सिद्धि, दूजी सुख पावे।।1।।
छम-छम पायल घुंघरूँ बाजे, स्वर्ण कमल रचना।
पंखुड़ी शोक निवारे, घर बंधे पलना।।2।।
सूरि मंत्र है मंत्र शिरोमणि, महालक्ष्मी सेवा।
आरती श्रद्धा भावे, पावत शिव मेवा।।3।।
महर करो हे लक्ष्मी माता, आशिष दुःख हरे।
घर आंगन में पधारो, भक्त पुकार करे।।4।।
आरती लक्ष्मी वंदन पूजन, ऋद्धि सिद्धि आवे।
मणिमय संपद् पावे, तन मन हरसावे।।5।।

इसके बाद मंत्र बोले :-

कर्पूरपूरेण मनोहरेण, सुवर्णपात्रान्तर-संस्थितेन।
प्रदीप्तभासा सह संगमेन, नीरांजनं ते जगदम्ब! कुर्वे।
।। ॐ श्रीं ह्रीं क्लीं श्री महालक्ष्म्यै नमः ।।

तत्पश्चात् अक्षत और फूल लेकर कुबेर का पूजन करके कलश के ऊपर चढ़ावें।

आह्वामि देव! त्वाम् इहा याहि कृपां कुरु।
कोष-वर्द्धये नित्यं, त्वम् परिपक्ष सुरेश्वर।।
धनाध्यक्षाय देवाय, नरयानोपवेशिने।
नमस्ते राजराजाय, कुबेराय महात्मने।।

फिर काँटा-बाट हो तो तराजू में स्वस्तिक करके फूल चढ़ावें और काँटें पर नींबू लगावें।

नमस्ते सर्वदेवानां, शांतित्वे सत्यमाश्रिता।
साक्षिभूता जगद्धात्री, निर्मिता विश्वयोनिना।।

पूजन में अज्ञानतावश कोई दोष लगा हो, उसके लिए निम्नलिखित श्लोक पढ़ते हुए क्षमायाचना करनी चाहिए।

क्षमायाचना

आज्ञाहीनं क्रियाहीनं, मंत्रहीनं च यत्कृतम्।
तत्सर्व क्षम्यतां देवि, प्रसीद! परमेश्वरि।।1।।
आह्वानं नैव जानामि, न जानामि विसर्जनम्।
पूजाऽर्चां नैव जानामि, क्षमस्व परमेश्वरि ।।2।।
अपराधासहस्राणि, क्रियन्ते नित्यशो मया।
तत्सर्वं क्षम्यतां देवि, प्रसीद! परमेश्वरि।।3।।

इन श्लोकों द्वारा क्षमायाचना करें।

इति पूजनविधि

इस प्रकार पूजन करने के बाद अनाथ, अपंग, निराश्रित लोगों को यथाशक्ति द्रव्यादिक का दान करना चाहिए और साधर्मिक भाइयों की यथाशक्ति भक्ति का लाभ लेना चाहिए।

दीपावली के जाप

1. **ॐ ह्रीं श्रीं महावीरस्वामी नाथाय नमः**
   प्रथम प्रहर में इस मंत्र का जाप करना चाहिए।
2. **ॐ ह्रीं श्री महावीरस्वामी सर्वज्ञाय नमः**
   दूसरे प्रहर में इस मंत्र का जाप करना चाहिए।
3. **ॐ ह्रीं श्रीं महावीरस्वामी पारंगताय नमः**
   तीसरे प्रहर में इस मंत्र का जाप करना चाहिए।
4. **ॐ ह्रीं श्रीं गौतमस्वामी-केवलज्ञानाय नमः**
   अंतिम प्रहर में इस मंत्र का जाप करना चाहिए।

इस मंत्र की 20 माला सूर्योदय से पहले चौथे प्रहर में फेरनी चाहिये। बाद में मंदिर में दर्शन-चैत्यवंदन एवं लड्डू चढ़ाने आदि की विधि करें। तत्पश्चात् गुरुदेव को वन्दन करना चाहिए तथा उनके मुखारविन्द से सप्त स्मरण व श्री गौतमरास को एकाग्रतापूर्वक श्रवण करना चाहिए।

मुनि श्री मनितप्रभसागरजीम.

पंचांग

NOV. 2014






रवि	सोम	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि
30 मिगसर सुदि 9						1 कार्तिक सुदि 9
2 कार्तिक सुदि 10	3 कार्तिक सुदि 11	4 कार्तिक सुदि 12	5 कार्तिक सुदि 13/14	6 कार्तिक सुदि 15	7 मिगसर वदि 1	8 मिगसर वदि 2
9 मिगसर वदि 3	10 मिगसर वदि 4	11 मिगसर वदि 5	12 मिगसर वदि 6	13 मिगसर वदि 7	14 मिगसर वदि 7	15 मिगसर वदि 8
16 मिगसर वदि 9	17 मिगसर वदि 10	18 मिगसर वदि 11	19 मिगसर वदि 12	20 मिगसर वदि 13	21 मिगसर वदि 14	22 मिगसर वदि 30
23 मिगसर सुदि 1	24 मिगसर सुदि 2	25 मिगसर सुदि 3	26 मिगसर सुदि 4	27 मिगसर सुदि 5/6	28 मिगसर सुदि 7	29 मिगसर सुदि 8

पर्व दिवस		
	06.11.2014 चौमासी प्रतिक्रमण	कार्तिक सुदि 14 का क्षय
	09.11.14 रोहिणी आराधना	मिगसर वदि 7 की वृद्धि
	21.11.2014 पाक्षिक प्रतिक्रमण	मिगसर सुदि 6 का क्षय

श्री अरनाथ केवलज्ञान कल्याणक	कार्तिक सुदि 12	श्री सुविधिनाथ दीक्षा कल्याणक	मिगसर वदि 6
आचार्य श्री जिनपतिसूरि आचार्य पदारोहण	कार्तिक सुदि 13(1223)	आचार्य श्री जिनकान्तिसागरसूरि पुण्यतिथि	मिगसर वदि 7(2042)
श्री जिनसागरसूरि जन्म दिवस	कार्तिक सुदि 14(1652)	जहाज मंदिर आचार्य श्री जिनभद्रसूरि पुण्यतिथि	मिगसर वदि 9(1514)
श्री सिद्धाचल महातीर्थ यात्रा	कार्तिक पूर्णिमा	श्री महावीरस्वामी दीक्षा कल्याणक	मिगसर वदि 10
श्री हेमचन्द्राचार्य जन्म दिवस	कार्तिक पूर्णिमा(1145)	श्री पदमप्रभस्वामी मोक्ष कल्याणक	मिगसर वदि 11
दादा श्री जिनकुशलसूरि जन्म दिवस सिवाना	मिगसर वदि 3(1337)	आचार्य श्री जिनयशसूरि पुण्यतिथि	मिगसर सुदि 3(1970)
श्री सुविधिनाथ जन्म कल्याणक	मिगसर वदि 5	कलिकाल केवली श्री जिनचन्द्रसूरि जन्म दिवस	मिगसर सुदि 4(1324)
		आचार्य जिनहरिसागरसूरि जन्म दिवस	मिगसर सुदि 7(1949)

समाचार दर्शन

इचलकरंजी में पंचाह्निका महोत्सव

पूज्य गुरुदेव आचार्य भगवंत श्री जिनकान्तिसागरसूरीश्वरजी म.सा. के शिष्य पूज्य गुरुदेव उपाध्याय श्री मणिप्रभसागरजी म.सा. पूज्य मुनि श्री मयंकप्रभसागरजी म.सा. पूज्य मुनि श्री मनितप्रभसागरजी म.सा. पूज्य मुनि श्री मेहुलप्रभसागरजी म.सा. पूज्य मुनि श्री समयप्रभसागरजी म.सा. पूज्य मुनि श्री विरक्तप्रभसागरजी म.सा. पूज्य मुनि श्री श्रेयांसप्रभसागरजी म.सा. एवं पूजनीया गुरुवर्या बहिन म. डॉ. श्री विद्युत्प्रभाश्रीजी म.सा. की शिष्या पूजनीया साध्वी डॉ. श्री नीलांजनाश्रीजी म. पू. साध्वी श्री विभांजनाश्रीजी म. पू. साध्वी श्री निष्ठांजनाश्रीजी म. पू. साध्वी श्री आज्ञांजनाश्रीजी म0.ण की परम पावन निश्रा में चातुर्मास में हुई मासक्षमण, सिद्धि तप, वीशस्थानक तप आदि विविध तपाराधना के उपलक्ष्य में पंचाह्निका महोत्सव का आयोजन किया गया।

ता. 2 सितम्बर 2014 को मणिधारी दादा गुरुदेव श्री जिनचन्द्रसूरि की पुण्यतिथि का आयोजन किया गया। गुणानुवाद के बाद दादा गुरुदेव की पूजा पढाई गई। ता. 3 से 7 सितम्बर तक पंचाह्निका महोत्सव आयोजित हुआ। ता. 3 को अठारह अभिषेक, 4 को महावीर स्वामी षट्कल्याणक पूजा, 5 को श्री पंचपरमेष्ठी पूजा पढाई गई। ता. 6 को भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। दोपहर में श्री अर्हद् अभिषेक महापूजन का अनूठा आयोजन किया गया। ता. 7 को तपस्वियों का बहुमान एवं दोपहर में श्री वर्धमान शक्रस्तव महापूजन पढाया गया। इन दोनों महापूजनों को शास्त्रीय विशिष्ट रागों में पढाने हेतु सुप्रसिद्ध श्रावकवर्य साधक प्रवर श्री विमलभाई शाह कडी वाले मुंबई से पधारे थे।

संगीतकार विनीत गेमावत की प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया।

चौथे दादा गुरुदेव को याद किया

अकबर प्रतिबोधक चतुर्थ दादा गुरुदेव श्री जिनचन्द्रसूरीश्वरजी म.सा. की 401वीं पुण्यतिथि पूज्य गुरुदेव उपाध्याय श्री मणिप्रभसागरजी म. के सानिध्य में ता. 10 सितम्बर 2014 को मनाई गई। इस अवसर पर पूज्य उपाध्यायश्री ने, पूज्य मनितप्रभसागरजी म. एवं पू. मेहुलप्रभसागरजी म. ने गुरुदेव के गुणगान किये। उनके दिव्य तेजोमयी व्यक्तित्व की चर्चा की। इस अवसर पर रमेश लूंकड, संपतराज संखलेचा, बाबुलाल मालू ने भी गुणगान किये। दादा गुरुदेव की पूजा पढाई गई।

इचलकरंजी में 45 आगम वांचना

पर्वाधिराज पर्युषण आराधना के पश्चात् 45 आगमों की वांचना श्रृंखला चल रही है। पूज्य गुरुदेव उपाध्यायश्री आगमों की विशिष्ट व्याख्या करते हुए रहस्य समझाते हैं। प्रवचन श्रवण के लिये पर्युषण के पश्चात् भी लोग बडी संख्या में दौडे आते हैं। ऐसा आभास ही नहीं होता कि पर्युषण पूर्ण हो गये हैं।

बाहर से विनंती करने हेतु विभिन्न संघों का आगमन हो रहा है। प्रतिदिन शताधिक अतिथिगणों का नियमित आगमन हो रहा है। इचलकरंजी संघ उनका तत्परता के साथ बहुमान पूर्वक स्वागत कर रहा है।

नवपदजी की ओली का प्रारंभ 30 सितम्बर से हुआ है। जिसका लाभ श्री दीपचंदजी तलेसरा परिवार ने लिया है।

स्वर्णिम चातुमास
एक नजर में...

गज मंदिर केशरियाजी की बैठक संपन्न

पूज्य गुरुदेव उपाध्याय श्री मणिप्रभसागरजी म.सा. की पावन निश्रा में ता. 13 सितम्बर 2014 को श्री जैन श्वेताम्बर कीकाभाई प्रेमचंद ट्रस्ट, केशरियाजी की संचालन समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री बाबुलालजी बोहरा ने की। ट्रस्ट के महामंत्री श्री गजेन्द्रजी भंसाली ने गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गज मंदिर का कार्य प्रायः पूर्ण होने को है। अठारह हाथियों पर अंबाडी का कार्य चल रहा है। गज मंदिर के प्रदक्षिणा पथ में बने 25 मंदिरों में पिछवाई का कार्य प्रारंभ होना है। यह पिछवाई चित्रकारी द्वारा बनवाई जायेगी।

गज मंदिर में नीचे दादावाडी परिसर में चारों ओर प्रदक्षिणा पथ में श्री केशरियानाथ परमात्मा के केसरियाजी तीर्थ में प्रकट होने के इतिहास पर आधारित प्रदर्शनी बनाने का निर्णय किया गया। श्री केशरियाजी-अहमदाबाद मुख्य मार्ग पर केशरियाजी से 15 किलोमीटर की दूरी पर खेरवाडा में विहार धाम बनाने का निर्णय किया गया। इसके लिये आवश्यक भूखण्ड क्रय किया जा चुका है। साथ ही गज मंदिर परिसर के पास ही पूर्व में लिये गये विशाल भूखण्ड के पास भविष्य की योजनाओं के लिये प्राप्त हो रहे विशाल भूखण्ड को खरीदने का तय किया गया।

गज मंदिर की आवास, भोजन आदि व्यवस्थाओं पर पूर्ण रूप से संतोष व्यक्त किया गया। गज मंदिर बनने के बाद केशरियाजी पधारने वाले यात्रियों की संख्या में शत गुणा अभिवृद्धि हुई है। इसके साथ ही देवीकोट जिन मंदिर जीर्णोद्धार, बिजयनगर पार्श्वनाथ मंदिर, चित्तौड पार्श्वनाथ मंदिर में 5-5 लाख रूपये अर्पण करने का प्रस्ताव पारित किया गया।

श्री जिन हरि विहार ट्रस्ट, पालीताना की बैठक

पूज्य गुरुदेव उपाध्याय श्री मणिप्रभसागरजी म.सा. की पावन निश्रा में एवं ट्रस्ट के अध्यक्ष संघवी श्री विजयराजजी डोसी की अध्यक्षता में ता. 13 सितम्बर 2014 को इचलकरंजी नगर में मणिधारी भवन में श्री जिन हरि विहार ट्रस्ट की मीटींग संपन्न हुई। वार्षिक लेखा जोखा पारित किया गया।

मुख्य द्वार पर बने उपाश्रय के ऊपर एक हॉल ज्ञान मंदिर के रूप में बनाने का निर्णय किया गया। महामंत्री बाबुलाल लूणिया ने वहाँ पर्युषण महापर्व पर हुई आराधना और वहाँ चल रहे वैयावच्च के कार्यों की जानकारी दी।

भिवंडी समाचार

पूज्य गुरुदेव उपाध्याय प्रवर श्री मणिप्रभसागरजी म.सा. की निश्रा में मणिधारी दादावाडी भवन इचलकरंजी में श्री जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ संघ भिवंडी ट्रस्ट मंडल की मीटिंग 20-09-14 शनिवार को संपन्न हुई। संघ की गतिविधियों को सुचारु रूप से चलाने के लिए गुरुदेव की प्रेरणा से 2 वर्ष के लिये श्री बाबुलालजी नेमीचंदजी छाजेड (एन.जे.) व श्री सुखराजजी धनराजजी संकलेचा सी.टी.एम. संरक्षक नियुक्त करते हुए कार्यकारिणी में सम्मिलित किया गया।

पूज्यश्री के इस आदेश से सकल संघ में आनंद का वातावरण छा गया। -सी.एल.जैन भिवंडी

कुशल वाटिका की मीटींग संपन्न

पूजनीया बहिन म. डॉ. श्री विद्युत्प्रभाश्रीजी म.सा. की पावन प्रेरणा से संस्थापित श्री जिनकुशलसूरि सेवाश्रम संस्थान, कुशल वाटिका बाडमेर की बैठक पूज्य गुरुदेव उपाध्याय श्री मणिप्रभसागरजी म.सा. की पावन निश्रा में ता. 14 सितम्बर 2014 को संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता संस्थान के अध्यक्ष श्री भंवरलालजी छाजेड ने की। बैठक में बडी संख्या में ट्रस्टी उपस्थित थे।

संस्थान के अध्यक्ष श्री भंवरलालजी छाजेड ने बताया कि कुशल वाटिका में दर्शनार्थियों की संख्या लगातार बढ रही है। आवास, भोजन आदि की व्यवस्थाओं से तीर्थ की प्रसिद्धि लगातार बढ रही है। हर शनिवार को एक हजार से अधिक यात्रियों का आगमन होता है। पर्युषण महापर्व के दिनों में तीन हजार लोगों का प्रतिदिन आगमन हुआ।

मूलनायक परमात्मा श्री मुनिसुव्रतस्वामी की रजत-स्वर्ण-रत्न जड़ित भव्य आंगी बनाई गई। जिसकी अपनी अनूठी आभा से वातावरण दैदीप्यमान हो उठा।

महामंत्री मांगीलाल मालू ने बताया कि जिन मंदिर का कार्य पूर्ण हो चुका है। मंदिर के बाहर के परिसर में मकराने की फर्श बन चुकी है। जिन मंदिर में रत्नमय-गलीचे का कार्य पूर्ण हो चुका है। दादावाडी व अन्य मंदिरों में गलीचे का ऑर्डर दिया जा चुका है।

दादा गुरुदेव की 52 फीट 4 इंच की विशाल प्रतिमा बनाने हेतु विचार विमर्श किया गया। निर्णय किया गया कि प्रतिमा पाषाण से ही निर्मित की जायेगी। इसके लिये कोटेशन मंगाये गये हैं। चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। छात्रावास का कार्य पूर्णता की ओर अग्रसर है।

अगले सत्र से छात्रावास का विधिवत् प्रारंभ कर दिया जायेगा। इस छात्रावास में पांचवीं कक्षा और इससे ऊपर के छात्रों को लिया जायेगा। प्राइमरी व मिडिल स्कूल का कार्य प्रशंसनीय चल रहा है। अभी 900 से अधिक छात्र शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। आगे की योजनाओं के अन्तर्गत भक्ति आश्रम की योजना को कार्यान्वित करने का निश्चय किया गया।

तिरूपुर में अंजनशलाका प्रतिष्ठा 26 जनवरी को

पूज्य गुरुदेव उपाध्याय श्री मणिप्रभसागरजी म.सा. आदि मुनि मंडल की पावन निश्रा में तिरूपुर (तमिलनाडु) में श्री पार्श्वनाथ जिन मंदिर एवं श्री जिनकुशलसूरि दादावाडी की अंजनशलाका प्रतिष्ठा माघ सुदि 7 सोमवार ता. 26 जनवरी 2015 को निश्चित की गई है।

तिरूपुर से श्री पार्श्व कुशल जैन सेवा समाज के तत्वावधान में बने इस मंदिर दादावाडी की प्रतिष्ठा की विनंती करने एवं मुहूर्त्त प्राप्त करने के लिये तिरूपुर संघ ता. 28 सितम्बर को पूज्यश्री की सेवा में इचलकरंजी पहुँचा। पूज्यश्री ने उनकी विनंती स्वीकार कर 26 जनवरी का शुभ मुहूर्त्त प्रदान किया। मुहूर्त्त झेलने का लाभ समाज के अध्यक्ष श्री रमेशजी संखलेचा ने प्राप्त किया। पूजनीया साध्वीश्री हेमप्रभाश्रीजी म.सा. की प्रेरणा से इस मंदिर दादावाडी का निर्माण शासन रत्न श्री मनोजकुमारजी हरण के मार्गदर्शन में पूर्ण हुआ है।

कोयम्बतूर में अंजनशलाका प्रतिष्ठा 2 फरवरी को

